प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

31.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

राष्ट्रीय एकता दिवस

आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जा रही है। सरदार पटेल का जन्म 31 अक्तूबर, 1875 को गुजरात के नडियाद गांव में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। पटेल ने भारत के एकीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई और 500 से अधिक रियासतों को भारतीय संघ में मिलाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर गुजरात के केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित एकता दिवस परेड भी देखी।

आकाशवाणी

दीपावली

दीपों का त्योहार दीपावली आज देश सहित पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दीपावली को लेकर राजधानी शिमला सहित प्रदेश के बाज़ारों में आज खूब रौनक लगी हुई है। लोग जमकर विभिन्न वस्तुओं की जमकर खरीददारी कर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने सभी देशवासियों के स्वस्थ, सानंद और समृद्ध जीवन के लिए मंगलकामना की। उन्होंने सबके लिए माँ लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश के आशीष की कामना की। इधर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि दीपावली का पर्व सभी के जीवन को प्रकाशमान करता है। उन्होंने कहा कि ये पर्व बुराई पर अच्छाई और अंधेरे पर प्रकाश की विजय का संदेश देता है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि दीपावली का त्यौहार प्रदेशवासियों के जीवन में अपार खुशियां लाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि दीपावली का त्यौहार लोगों को

सद्भावना, एकता और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से दीपावली को पारंपरिक व पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ मनाने का आह्वान किया है।

दीपावली–2

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भी लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं।

बाल आश्रम

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल शिमला के टूटीकंडी बाल आश्रम और मशोबरा स्थित बालिका आश्रम में बच्चों के साथ दिवाली मनाई और उन्हें त्यौहार की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों के साथ लक्ष्मी पूजा की और प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने बच्चों को मिठाई, आतिशबाजी और अन्य उपहार भेंट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार इन बच्चों की शिक्षा के अलावा भ्रमण का खर्च भी उठाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की इन बच्चों को शैक्षिक यात्रा और एक्पोजर विजिट के लिए गोवा और अन्य ऐतिहासिक स्थलों पर ले जाने की योजना है और भ्रमण के दौरान इन बच्चों के रहने–खाने और यात्रा का खर्च भी प्रदेश सरकार वहन करेगी। सरकार इन बच्चों को कोचिंग के लिए 75 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान करेगी।

बस सेवा

दीपावली पर्व पर आज शिमला शहर में शाम पांच बजे तक ही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस और टैक्सी सेवा उपलब्ध रहेगी। निगम ने लोगों की सुविधा के लिए करीब 25 अतिरिक्त बसें पुराने बस अड्डे से विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के लिए चलाने का निर्णय लिया है।

शिमला डीसी

शिमला जिला प्रशासन ने लोगों से ग्रीन दीपावली मनाने का आह्वान किया है। शिमला में चिन्हित स्थानों पर ही ग्रीन पटाखों की बिक्री की जा रही है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने लोगों से चिन्हित स्थानों पर ही पटाखों की बिक्री व खरीद करने को कहा है। उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन की ओर से पटाखे चलाने का समय रात 8 बजे से 10 बजे तक रहेगा। उन्होंने बताया कि चिन्हित स्थानों को छोड़कर अन्य स्थानों पर पटाखे बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

हेल्पलाइन

इस बीच दीपावली पर्व पर आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने के लिए शिमला जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। लोग 101 नंबर पर कॉल कर मदद ले सकते हैं।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है **बनखंडी में बनेगा प्रदेश का पहला आईजीबीसी प्रमाणित चिड़ियाघर। हिमाचल दस्तक** के शब्द हैं **मुख्यमंत्री बोले–हम बनाएंगे देश का पहला आईजीबीसी चिड़ियाघर। दैनिक जागरण** ने लिखता है–**बनखंडी में स्थापित होगा भारत का पहला आईजीबीसी प्रमाणित चिड़ियाघर। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है आईजीबीसी से सर्टिफाई होगा बनखंडी जू।**

दीवाली की पूर्व संध्या पर हिमाचल के औद्योगिक क्षेत्रों की बिगड़ी आबोहवा शीर्षक से पंजाब केसरी ने की सुर्खी है– **मंडी व सुंदरनगर में छाया मध्यम कोहरा, 5 नवंबर तक साफ रहेगा मौसम।**

**आज शाम 5 बजे के बाद स्थानीय रूटों पर नहीं चलेंगी बसें अमर उजाला** की एक खबर है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **लंबे रूटों पर सात के बजाय जाएंगी पांच बसें, नाइट रूट भी किए क्लब।**

**छठी से आठवीं तक संस्कृत व्याकरण शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है** प्रदेश शिक्षा बोर्ड की तैयारी, व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाने को हर विषय में होगी प्रायोगिक परीक्षा।